collegebatch.com

Series : AABB4/3

SET-2

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code 56/3/2

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **12** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Q.P. Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **12** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# रसायन विज्ञान (सैद्धान्तिक)
# CHEMISTRY (Theory)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 35*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 35*

collegebatch.com

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***12*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र* ***तीन*** *खंडों में विभाजित हैं – खंड* ***क, ख*** *एवं* ***ग*** *।*

*(iii)* ***खंड – क*** *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***3*** *तक अति लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***2*** *अंक का है ।*


*(iv)* ***खंड – ख*** *प्रश्न संख्या* ***4*** *से* ***11*** *तक लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंक का है ।*

*(v)* ***खंड – ग*** *प्रश्न संख्या* ***12*** *केस आधारित प्रश्न है । यह प्रश्न* ***5*** *अंक का है ।*

*(vi)* *लॉग टेबल एवं कैल्क्युलेटर का प्रयोग वर्जित है ।*

## खंड – क


1. निम्नलिखित यौगिकों को उनसे संबंधित (कोष्ठकों में दिए गए) गुणधर्मों के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित कीजिए : (कोई **दो**)

(i) 

(HCN के प्रति अभिक्रियाशीलता)

(ii) $CCl_3–COOH$, $CF_3–COOH$, $(CH_3)_3C–COOH$

(अम्लता की सामर्थ्य)

(iii) 

**1 × 2 = 2**

(अम्लता की सामर्थ्य)

collegebatch.com

**General Instructions :**

**Read the following instructions very carefully and strictly follow them :**

*(i)* *This question paper contains* ***12*** *questions.* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* *This question paper is divided into* ***three*** *Sections – Section* ***A, B*** *and* ***C****.*

*(iii)* ***Section - A*** *Q. Nos.* ***1*** *to* ***3*** *are very short answer type questions carrying* ***2*** *marks each.*

*(iv)* ***Section - B*** *Q. Nos.* ***4*** *to* ***11*** *are short answer type questions carrying* ***3*** *marks each.*

*(v)* ***Section - C*** *Q. No.* ***12*** *is case based question carrying* ***5*** *marks.*

*(vi)* *Use of log tables and calculators is NOT allowed.*

## SECTION – A


1. Arrange the following compounds in increasing order of their property as indicated in bracket : (Any **two**)

(i) $CH_3-CHO$, $CH_3-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-CH_3$, $CH_3-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-\overset{\overset{CH_3}{|}}{\underset{\underset{CH_3}{|}}{C}}-CH_3$,

(reactivity towards HCN)

(ii) $CCl_3-COOH$, $CF_3-COOH$, $(CH_3)_3C-COOH$

(acid strength)

(iii) 

(acid strength)

**1 × 2 = 2**

collegebatch.com

2. $C_3H_7NO$ अणुसूत्र वाला कोई कार्बनिक यौगिक (A), $Br_2$ और KOH के साथ गरम किए जाने पर यौगिक (B) बनाता है । यौगिक (B) $CHCl_3$ और ऐल्कोहॉलिक पोटैशियम हाइड्रॉक्साइड के साथ गर्म करने पर दुर्गन्ध युक्त यौगिक (C) बनाता है तथा $C_6H_5SO_2Cl$ के साथ अभिक्रिया करने पर यौगिक (D) बनाता है जो क्षार में विलेय होता है । (A), (B), (C) और (D) की संरचनाएँ लिखिए। **2**

3. किसी वैद्युत-अपघट्य के विलयन की चालकता की परिभाषा दीजिए । किसी विलयन की चालकता तनुता के साथ क्यों घटती है ? **2**

## खंड – ख

4. निम्नलिखित के कारण लिखिए :

   (i) $Cr^{2+}$ एक प्रबल अपचायक है ।

   (ii) जलीय विलयन में $Ti^{3+}$ रंगीन है जबकि $Sc^{3+}$ रंगहीन है ।

   (iii) Zn, Cd एवं Hg को संक्रमण तत्त्व नहीं माना जाता । **1 × 3 = 3**

5. (क) निम्नलिखित के मध्य अंतर कीजिए :

   (i) अधिशोषण एवं अवशोषण

   (ii) द्रवविरागी सॉल और द्रवरागी सॉल

   (iii) बहुआण्विक कोलॉइड एवं वृहदाण्विक कोलॉइड **1 × 3 = 3**

   **अथवा**

   (ख) (I) निम्नलिखित पदों को परिभाषित कीजिए :

   (i) जीटा विभव

   (ii) स्कंदन

   (II) जब $AgNO_3$ विलयन को KI विलयन में मिलाया जाता है तो ऋण आवेशित सॉल क्यों प्राप्त होता है ? **3**

collegebatch.com

2. An Organic compound (A) with molecular formula $C_3H_7NO$ on heating with $Br_2$ and KOH forms a compound (B). Compound (B) on heating with $CHCl_3$ and alcoholic KOH produces a foul smelling compound (C) and on reacting with $C_6H_5SO_2Cl$ forms a compound (D) which is soluble in alkali. Write the structures of (A), (B), (C) and (D). **2**

3. Define conductivity for the solution of an electrolyte. Why does the conductivity of a solution decrease with dilution ? **2**

## SECTION – B

4. Account for the following :

(i) $Cr^{2+}$ is a strong reducing agent.

(ii) $Ti^{3+}$ is coloured whereas $Sc^{3+}$ is colourless in aqueous solution.

(iii) Zn, Cd and Hg are not called transition elements. **1 × 3 = 3**

5. (a) Differentiate between the following :

(i) Adsorption and Absorption

(ii) Lyophobic Sol and Lyophilic Sol

(iii) Multimolecular Colloid and Macromolecular colloid. **1 × 3 = 3**

**OR**

(b) (I) Define the following terms :

(i) Zeta Potential

(ii) Coagulation

(II) Why a negatively charged sol is obtained when $AgNO_3$ solution is added to KI solution ? **3**

collegebatch.com

6. (क) क्या होता है जब

(i) प्रोपेनोन की $CH_3MgBr$ के साथ अभिक्रिया करने के पश्चात् जल-अपघटित किया जाता है ?

(ii) एथेनैल को एथेनॉल के आधिक्य और अम्ल के साथ अभिकृत किया जाता है ?


(iii) मेथेनैल कैनिज़ारो अभिक्रिया देता है ? **1 × 3 = 3**

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित अभिक्रियाओं के मुख्य उत्पाद लिखिए :

(i) $2CH_3COCl + (CH_3)_2Cd \rightarrow$

(ii) $CH_3CH_2CHO \xrightarrow{\text{Zn (Hg) /सांद्र HC}l}$

(iii)  $-COONa + NaOH \xrightarrow[\Delta]{CaO}$ **1 × 3 = 3**

7. लैन्थेनॉयड आकुंचन क्या है ? लैन्थेनॉयड आकुंचन का क्या कारण है ? लैन्थेनॉयड आकुंचन के दो परिणाम लिखिए। **3**

8. (क) (i) आपके विचार से नीचे दिए गए अम्लों के जोड़े (युगल) में से कौन सा अम्ल अधिक प्रबल होगा ?

$F-CH_2-COOH$ अथवा $CH_3-COOH$

(ii) निम्नलिखित यौगिकों को उनके क्वथनांकों के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

$CH_3CH_2OH, CH_3-CHO, CH_3-COOH$

(iii) बेन्ज़ैल्डिहाइड और ऐसीटोफीनॉन में विभेद करने के लिए सरल रासायनिक परीक्षण दीजिए। **1 × 3 = 3**

**अथवा**

(ख) (i) कौन नाभिकरागी योगज अभिक्रिया तीव्रता से देगा ?
ऐसीटैल्डिहाइड या प्रोपेनोन

(ii) फेलिंग अभिकर्मक का संयोजन क्या है ?

(iii) ऐथेनैल के सेमीकार्बेज़ोन की संरचना बनाइए। **1 × 3 = 3**

collegebatch.com

6. (a) What happens when

(i) Propanone is treated with $CH_3MgBr$ and then hydrolysed ?

(ii) Ethanal is treated with excess ethanol and acid ?


(iii) Methanal undergoes Cannizzaro reaction ? **1 × 3 = 3**

**OR**

(b) Write the main product in the following reactions :

(i) $2CH_3COCl + (CH_3)_2Cd \rightarrow$

(ii) $CH_3\ CH_2\ CHO \xrightarrow{\text{Zn (Hg) /Conc HC}l}$

(iii)  $- COONa + NaOH \xrightarrow[\Delta]{CaO}$ **1 × 3 = 3**

7. What is Lanthanoid contraction ? What is the cause of Lanthanoid contraction ? Write two consequences of Lanthanoid contraction. **3**

8. (a) (i) Which acid of the following pair would you expect to be stronger ?

$F-CH_2-COOH$ or $CH_3-COOH$

(ii) Arrange the following compounds in increasing order of their boiling points :

$CH_3CH_2OH$, $CH_3-CHO$, $CH_3-COOH$

(iii) Give simple chemical test to distinguish between Benzaldehyde and Acetophenone. **1 × 3 = 3**

**OR**

(b) (i) Which will undergo faster nucleophilic addition reaction ?

Acetaldehyde or Propanone

(ii) What is the composition of Fehling's reagent ?

(iii) Draw structure of the semicarbazone of Ethanal. **1 × 3 = 3**

collegebatch.com

9. कारण दीजिए :

(i) शुद्ध प्राथमिक ऐमीनों के विरचन के लिए ऐल्किल हैलाइडों का अमोनी अपघटन एक अच्छी विधि नहीं है ।

(ii) ऐनिलीन फ्रीडेल–क्राफ्टस अभिक्रिया नहीं देता है ।

(iii) यद्यपि $-NH_2$ समूह इलेक्ट्रॉनरागी प्रतिस्थापन अभिक्रियाओं में o/p निर्देशक होता है फिर भी ऐनिलीन के नाइट्रीकरण से m-नाइट्रोऐनिलीन की महत्त्वपूर्ण मात्रा बनती है । **1 × 3 = 3**

10. (a) संयोजकता आबंध सिद्धांत का उपयोग करते हुए $[CoF_6]^{3-}$ के संकरण एवं चुम्बकीय व्यवहार की प्रागुक्ति कीजिए । [परमाणु क्रमांक : Co = 27]

(b) निम्नलिखित संकुल का IUPAC नाम लिखिए :

$[CoBr_2(en)_2]^+$

(c) विलयन में संकुल $[Co(NH_3)_6]Cl_2$ द्वारा कितने आयन उत्पादित होते हैं ? **1 × 3 = 3**

11. (क) निम्नलिखित सेल के लिए $\Delta_r G^\circ$ और log Kc परिकलित कीजिए :

$$Ni(s) + 2\,Ag^+(aq) \rightarrow Ni^{2+}(aq) + 2Ag(s)$$

दिया है : E° सेल = 1.05V, IF = 96,500 $C mol^{-1}$. **3**

**अथवा**

(ख) 298K पर निम्नलिखित सेल के लिए e.m.f. परिकलित कीजिए :

$$Fe(s)\ |\ Fe^{2+}\ (0.001\ M)\ ||\ H^+\ (0.01M)\ |\ H_2(g)\ (1\ bar)\ |\ Pt(s)$$

दिया है : E°सेल = +0.44 V

[log 2 = 0.3010   log 3 = 0.4771   log 10 = 1] **3**

collegebatch.com

9. Give reasons :

(i) Ammonolysis of alkyl halides is not a good method to prepare pure primary amines.

(ii) Aniline does not give Friedel-Crafts reaction.

(iii) Although $-NH_2$ group is o/p directing in electrophilic substitution reactions, yet aniline on nitration gives good yield of m-nitroaniline.

**1 × 3 = 3**

10. (a) Using valence bond theory, predict the hybridization and magnetic character of following :

$[CoF_6]^{3-}$ [Atomic number of Co = 27]

(b) Write IUPAC name of the following complex :

$[CoBr_2(en)_2]^+$

(c) How many ions are produced from the complex $[Co(NH_3)_6]Cl_2$ in solution ? **1 × 3 = 3**

11. (a) Calculate $\Delta_r G°$ and log Kc for the following cell :

$$Ni(s) + 2\,Ag^+(aq) \rightarrow Ni^{2+}(aq) + 2Ag(s)$$

Given that E°cell = 1.05V, IF = 96,500 Cmol$^{-1}$. **3**

**OR**

(b) Calculate the e.m.f. of the following cell at 298K :

$$Fe(s)\ |\ Fe^{2+}\ (0.001\ M)\ ||\ H^+\ (0.01M)\ |\ H_2(g)\ (1\ bar)\ |\ Pt(s)$$

Given that E°cell = +0.44 V

[log 2 = 0.3010 log 3 = 0.4771 log 10 = 1] **3**

collegebatch.com

**खंड – ग**

12. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

अभिक्रिया वेग, इकाई समय में अभिकारकों की सांद्रता घटने तथा उत्पादों की सांद्रता वृद्धि से संबंधित होता है । इसे किसी क्षण विशेष पर तात्क्षणिक वेग के रूप में और किसी दीर्घ समय अंतराल में औसत वेग से प्रदर्शित किया जा सकता है । अभिक्रिया वेग पर अनेक कारक, जैसे ताप, अभिकारकों की सांद्रता तथा उत्प्रेरक प्रभाव डालते हैं । अभिक्रिया वेग का गणितीय निरूपण वेग नियम द्वारा किया जाता है :

$$\text{वेग} = k[A]^x\,[B]^y$$

$x$ एवं $y$ इंगित करते हैं कि अभिक्रिया का वेग, A एवं B के सांद्रता परिवर्तन से कैसे प्रभावित होता है । $x + y$ का योग अभिक्रिया की कुल कोटि को दर्शाता है ।

जब प्राथमिक अभिक्रियाएँ कई पदों में सम्पन्न होकर उत्पाद बनाती हो, तब ऐसी अभिक्रियाओं को जटिल अभिक्रिया कहते हैं । किसी प्राथमिक अभिक्रिया की आण्विकता एवं कोटि एक समान होती है । शून्य कोटि की अभिक्रियाएँ अपेक्षाकृत असामान्य हैं, किंतु विशेष परिस्थितियों में यह घटित होती हैं । अस्थायी नाभिकों के सभी प्राकृतिक एवं कृत्रिम रेडियोसक्रिय क्षय प्रथम कोटि की बलगतिकी द्वारा होते हैं ।

(a) किसी अभिक्रिया के वेग स्थिरांक पर ताप का क्या प्रभाव होता है ?

(b) किसी अभिक्रिया $A + B \rightarrow$ उत्पाद, के लिए वेग नियम है –

वेग $= k[A]^2\,[B]^{1/2}$

अभिक्रिया की कोटि क्या है ?

(c) जटिल अभिक्रियाओं के लिए कोटि और आण्विकता किस प्रकार भिन्न हैं ?

(d) एक प्रथम कोटि की अभिक्रिया का वेग स्थिरांक $2 \times 10^{-3}\ s^{-1}$ है । इस अभिक्रिया में अभिकारक के 6g को घटकर 2g होने में कितना समय लगेगा ?

**अथवा**

$^{14}C$ की रेडियोसक्रिय क्षय की अर्धायु 6930 वर्ष है । लकड़ी से युक्त एक पुरातात्विक अश्मोपकरण (युक्ति) में $^{14}C$ की मात्रा जीवित वृक्ष की अपेक्षा केवल 75% है । नमूने की आयु ज्ञात कीजिए ।

[log 4 = 0.6021 log 3 = 0.4771 log 2 = 0.3010 log 10 = 1]

**1 + 1 + 1 + 2**

collegebatch.com

## SECTION – C

12. Read the following passage and answer the questions that follow :

The rate of reaction is concerned with decrease in concentration of reactants or increase in the concentration of products per unit time. It can be expressed as instantaneous rate at a particular instant of time and average rate over a large interval of time. A number of factors such as temperature, concentration of reactants, catalyst affect the rate of reaction. Mathematical representation of rate of a reaction is given by rate law :

$$\text{Rate} = k[A]^x [B]^y$$

$x$ and y indicate how sensitive the rate is to the change in concentration of A and B. Sum of $x + y$ gives the overall order of a reaction.

When a sequence of elementary reactions gives us the products, the reactions are called complex reactions. Molecularity and order of an elementary reaction are same. Zero order reactions are relatively uncommon but they occur under special conditions. All natural and artificial radioactive decay of unstable nuclei take place by first order kinetics.

(a) What is the effect of temperature on the rate constant of a reaction ?

(b) For a reaction A + B $\rightarrow$ Product, the rate law is given by, Rate = $k[A]^2 [B]^{1/2}$. What is the order of the reaction ?

(c) How order and molecularity are different for complex reactions ?

(d) A first order reaction has a rate constant $2 \times 10^{-3} s^{-1}$. How long will 6g of this reactant take to reduce to 2g ?

**OR**

The half life for radioactive decay of $^{14}C$ is 6930 years. An archaeological artifact containing wood had only 75% of the $^{14}C$ found in a living tree. Find the age of the sample.

[log 4 = 0.6021   log 3 = 0.4771   log 2 = 0.3010   log 10 = 1]

**1 + 1 + 1 + 2**

*